# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

**सत्र: २०२६ -२७**

**कक्षा:-**तीन **विषय:हिंदी** **पाठ: ६ (पीपल और कद्दू)**

## कठिन शब्द

१ घृणा

२ हानि

३ कद - काफी

४ उपकार

५ अन्याय

६ बढ़ई

७ उपासक

८ क्षमा

९ शक्ति

१०. महात्मा

११ शाखाएँ

१२ धन्यवाद

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ------**

**प्रश्न १ पीपल क्यों उदास था ?**

**उत्तर -- पीपल इसलिए उदास था क्योंकि उसके फल बहुत छोटे-छोटे थे ।**

**प्रश्न २  पीपल और कद्दू की बातचीत सुनकर महात्मा ने क्या कहा ?**

**उत्तर --  पीपल और कद्दू की बातचीत सुनकर महात्मा ने कहा कि ईश्वर ने सभी पेड़ -पौधो और जीव जन्तुओं को सोच समझकर बनाया है और सबकी भलाई उसी में है।**

**प्रश्न ३  महात्मा जी द्वारा मंत्र पढ़ने के बाद क्या हुआ ?**

**उत्तर --  महात्मा जी द्वारा मंत्र पढ़ने के बाद पीपल पर बड़े -बड़े कद्दू लग गए और कद्दू की बेलों पर छोटे -छोटे पीपल के फल उग आए ।**

**प्रश्न ४  पीपल और कद्दू आपस में क्यों झगड़ने लगे ?**

**उत्तर --  कद्दू गिरने से लोगों को चोट लगने लगी और किसान ने कद्दू की बेलें उखाड़ दी । इसी कारण पीपल और कद्दू एक -दूसरें को दोष देकर झगड़ने लगे।**

**प्रश्न ५  वरदान पाने के बाद पीपल और कद्दू क्यों परेशान हो उठे ?**

**उत्तर -- बड़े कद्दू पेड़ से गिरकर लोगों को घायल करने लगे और पीपल को काटने की नौबत आ गई इसलिए दोनों परेशान हो उठे।**

**निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ------**

**क) घृणा --  नफ़रत**

**वाक्य --- हमें किसी से घृणा नहीं करनी चाहिए ।**

**ख) उपकार --  भलाई**

**वाक्य --- पीपल और कद्दू ने कहा कि हम आपका उपकार कभी नहीं भूलेंगे।**

**ग) अन्याय -- न्याय की बात न करना**

**वाक्य --  किसी भी निर्दोष को सज़ा दिलाना कानून की नज़र में अन्याय है।**

**घ) क्षमा --  माफ़ी**

**वाक्य --  पीपल और कद्दू दोनों ने महात्मा से क्षमा माँगी ।**